**प्रेस विज्ञप्ति**

# इरेडा ने नया रिकॉर्ड बनाया : अब तक की सर्वाधिक ऋण स्वीकृतियां और संवितरण प्राप्त किया

नई दिल्ली, 2 अप्रैल 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा),देश में सबसे बड़ी प्योर-प्ले ग्रीन फाइनेंसिंग एनबीएफसी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अब तक का अपना सर्वाधिक वार्षिक ऋण स्वीकृतियां और संवितरण प्राप्त किया है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष के दौरान 37,354 करोड़ रुपये की ऋण राशि स्वीकृत और 25,089 करोड़ रुपये की ऋण राशि संवितरित किया है । इससे ऋण बुक में 26.71% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जोकि अब 59,650 करोड़ रुपये है ।

दिनांक 31 मार्च, 2024 (अनंतिम) को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए व्यावसायिक प्रदर्शन, लेखापरीक्षा के अधीन, निम्नलिखित है :

**2023-24 को समाप्त तिमाही/वर्ष के लिए व्यावसायिक प्रदर्शन (अनंतिम)**

*(रुपये करोड़ में)*

| **विवरण** | **समाप्त चौथी तिमाही के लिए** | | **31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए** | | **वृद्धि (%)** | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2023-24** | **2022-23** | **2023-24** | **2022-23** | **चौथी तिमाही के लिए** | **समाप्त वर्ष** |
| ऋण स्वीकृति | **23,796** | 11,797 | **37,354** | 32,587 | 101.71% | 14.63% |
| ऋण संवितरण | **12,869** | 11,291 | **25,089** | 21,639 | 13.98% | 15.94% |
| 31 मार्च 2024 के अनुसार बकाया ऋण बुक | | | **59,650** | 47,076 | | 26.71% |

कंपनी के इस असाधारण प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इरेडा की रिकॉर्ड ऋण स्वीकृतियां और ऋण संवितरण करना देश में नवीकरणीय ऊर्जा क्रांति को संचालित करने के लिए हमारी अथक प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। यह उपलब्धि हमारे हितधारकों, व्यावसाय -साझेदारों और निवेशकों के अमूल्य समर्थन के बिना संभव नहीं होती। हम भारत सरकार के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों के लिए महत्वपूर्ण योगदान देकर खुश हैं और आने वाले वर्षों में हमारे प्रभाव को और अधिक बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। "